
# एक देश–एक चुनाव के लिए साथ खड़ा हो पूरा देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 सितंबर. भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को हुजूर विधानसभा क्षेत्र के संत हिरदारामनगर स्थित गर्ल्स कॉलेज ऑडिटोरियम में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित किया.**

इस दौरान शिवप्रकाश ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में इतना साहस है कि वे देश के हित में कोई भी कठोर निर्णय ले सकते हैं. एक देश–एक चुनाव को लागू करने में देश के सभी लोगों को उनके साथ खड़े होना चाहिए. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यावधि चुनाव और आपातकाल के कारण एक राष्ट्र–एक चुनाव की व्यवस्था बिगड़ गई. विपक्षी दल एक राष्ट्र एक, चुनाव पर सवाल उठाकर हमारे देश के समझदार और जागरूक मतदाताओं पर प्रश्न चिन्ह उठाने का काम कर रहे हैं. संबोधन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन पर आधारित फिल्म 'चलो जीते हैं' का प्रदर्शन किया गया. सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया. संगोष्ठी को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया. संगोष्ठी में एक



राष्ट्र–एक चुनाव के पक्ष में छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार रखे.

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि अधिकतर नेता डरे हुए रहते हैं, वो कठोर निर्णय नहीं ले पाते. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता हैं, जो घबराते नहीं हैं. उन्होंने कहा है कि मैं राजनीति टाइम पास करने नहीं, बल्कि व्यवस्थाएं ठीक करने के लिए आया हूं. वो ट्रंप के टैरिफ के सामने नहीं झुके. उन्होंने नोटबंदी करके भ्रष्टाचार पर नकेल कसी. मुस्लिम बहनों को परेशानियों से मुक्त करने के लिए तीन तलाक विरोधी कानून बनाया. वक्फ बोर्ड की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने कानून बनाया और हाल ही में जीएसटी की दरें कम करने का साहसिक निर्णय लिया है. उनमें इतना साहस है कि वो वन नेशन–वन इलेक्शन जैसी व्यवस्था को लागू कर सकते हैं.

हर चुनाव में लाखों सरकारी कर्मचारी काम करते हैं, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित होता है. बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी जैसे सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के लिए बार–बार अपना काम छोड़कर आना पड़ता है. हर चुनाव में सरकार लिटरेचर छपवाती है, स्टेशनरी खर्च होती है, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं. राज्य के या केंद्रीय प्रशासनिक अधिकारी आब्जर्वर बनाकर अन्य राज्यों में भेजे जाते हैं. इससे काम प्रभावित होता है. चुनाव के छह महीने पहले से लेकर सरकार बनने के छह महीने बाद तक नौकरशाही सिर्फ कयासों में लगी रहती है, काम बंद कर देती है. इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है. चुनावों के कारण सामाजिक, जातिगत वैमनस्य बढ़ता है और यह खाई हर चुनाव के साथ बढ़ती जाती है.

> शिवप्रकाश ने कहा कि एक सरकार पांच साल के लिए चुनी जाती है, लेकिन पांच सालों के उसके कार्यकाल के दौरान चार बार चुनाव होते हैं. विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाए, पंचायती राज संस्थाएं और सहकारिता के चुनाव होते हैं. इन चुनावों के कारण पांच साल में चार बार आचार संहिता लगती है और 200 से लेकर 250 दिनों तक सरकारी कामकाज नहीं होते जिससे विकास के काम रूक जाते है और योजनाएं लागू नहीं होती.

## भाजयुमो के नमो युवा रन में आज शामिल होंगे सीएम

**भोपाल.** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत 21 सितंबर रविवार को नमो युवा रन का आयोजन प्रदेश के 8 शहरों में आयोजित किया जाएगा. भोपाल के अटल पथ पर रविवार को प्रातः 7 बजे आयोजित नमो युवा रन में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार सहित मप्र शासन के मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे.

# राज्यपाल ने अवधेश दीदी के किए अंतिम दर्शन



**भोपाल, 20 सितंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने क्षेत्रीय निदेशिका एवं राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी अवधेश दीदी के अंतिम दर्शन किये. उन्होंने पार्थिव देह पर पुष्प माला अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी.**

राज्यपाल पटेल शनिवार को प्रातः प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालय, राजयोग भवन, अरेरा कॉलोनी भोपाल पहुंचे. उन्होंने अवधेश दीदी के अंतिम दर्शन किए. मौन रख कर भावभीनी अंतिम विदाई दी. परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे.

### मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने राजयोगिनी बी.के. अवधेश दीदी के अवसान पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजयोग भवन पहुंचकर अवधेश दीदी के अंतिम दर्शन कर, पुष्पांजलि अर्पित की और मौन धारण कर शोक व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानवता के लिए समर्पित अवधेश दीदी ने लंबे समय तक ब्रह्माकुमारी संस्थान और समाज का मार्गदर्शन किया, उनका जाना आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है. उनकी स्मृतियां सदैव हमारे साथ रहेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा ब्रह्माकुमारीज़ को यह असीम दु:ख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की. राजयोगिनी बी.के. अवधेश दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान की वरिष्ठ राजयोगिनी और भोपाल जोन की क्षेत्रीय निदेशिका रही हैं.

# मोदी ने साबित किया राजनीति राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च मार्ग : मोघे

**भोपाल, 20 सितंबर. भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने शनिवार को भोपाल के कुक्कुट विकास निगम कार्यालय के देवी अहिल्याबाई सभागार में 'आत्मनिर्भर भारत–विकसित भारत' विषय पर प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया.**

कार्यक्रम में मोघे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सदैव सेवा, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र पर कार्य करता है. प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा को बदलकर सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की सेवा का सर्वोच्च मार्ग है.

भाजपा के जिला अध्यक्ष यति ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में किए गए रिफॉर्म्स ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है. विशेष रूप से जीएसटी दरों में कटौती का निर्णय मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है. इससे न केवल व्यापारियों और उद्योगों को राहत मिली है, बल्कि आम उपभोक्ता भी लाभान्वित हुआ है.

# भारत भवन में नाटक 'अकेली' का मंचन

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 सितंबर. भारत भवन में बव कारंत की स्मृति को समर्पित चार दिवसीय उत्सव प्रणति का दूसरा दिन शनिवार रंगमंच प्रेमियों के लिए यादगार बन गया. समारोह में वरिष्ठ रंगकर्मी और अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी द्वारा मंचित निर्देशित, परिकल्पित और अभिनीत नाटक अकेली.**

मन्नू भंडारी की प्रसिद्ध रचना पर केन्द्रित इस नाट्य प्रस्तुति में हिमानी ने एकल अभिनय कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया. नाटक एक महिला के भीतर चल रहे संघर्ष, अकेलेपन और आत्मकथ्य की संवेदनशील पड़ताल करता है. प्रस्तुति के दौरान हिमानी ने अपने अनुभव और अभिनय कौशल से



नाटक के भाव और मर्म को दर्शकों तक सजीव ढंग से पहुँचाया.

नाटक ने संदेश दिया कि नारी का जीवन अकेलेपन से भले ही घिरा हो, परंतु उसके भीतर एक ऐसी जीवटता, संवेदनशीलता और आत्मशक्ति छिपी होती है जो उसे हर परिस्थिति में खड़ा कर देती है. यह नाटक कहता है कि स्त्री अकेली होकर भी अकेली नहीं है वह स्वयं में संपूर्ण है, अपने संघर्षों को ही अपनी शक्ति बना लेती है. नाट्य प्रस्तुति से पूर्व 'भारतीय रंगमंच: बव कारंत' विषय पर वैचारिक सत्र आयोजित किया गया.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीनानाथ मिश्रा, निवासी– 49–डी, के. हनी होम्स, नयापुरा, कोलार रोड़, भोपाल (म.प्र.) मेरी पुत्री राशिका मिश्रा के कार्मल कॉन्वेंट स्कूल, बीएचईएल भोपाल के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में पिता का नाम शार्ट फार्म में डी.एन. मिश्रा (D.N. Mishra) लिखा हुआ है, जबकि पिता का पूरा नाम दीनानाथ मिश्रा (DEENANATH MISHRA) है। अब से मेरी पुत्री राशिका मिश्रा के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में पिता का पूरा नाम दीनानाथ मिश्रा (DEENANATH MISHRA) लिखा व पढ़ा जावे।


### एक नजर में

## संपदा 2.0 को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अभिनव पहल संपदा 2.0 को शनिवार नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. यह सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में मप्र की बड़ी उपलब्धि है. इस उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संपदा 2.0 से जुड़े सभी अधिकारी–कर्मचारियों को बधाई दी है. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि संपदा 2.0 ने सुशासन और पारदर्शिता के नये आयाम स्थापित किये हैं. यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हो रहे निरंतर नवाचारी प्रयासों का प्रमाण है.

## कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक आज से भोपाल में

**भोपाल.** मध्य प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की पहली बैठक 21 से 23 सितंबर तक भोपाल कांग्रेस मुख्यालय में होगी. तीन दिन चलने वाली इस बैठक में छह संभागों के अध्यक्ष अलग–अलग सत्रों में शामिल होंगे. इस दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी वन टू वन चर्चा कर पिछले एक महीने के कामकाज का आकलन करेंगे. बैठक का उद्देश्य जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करना है. संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी की नियुक्तियों को लेकर भी रिपोर्ट ली जाएगी.




## वरिष्ठ छायाकार कौशल का सम्मान

**भोपाल.** राजधानी के वरिष्ठ छायाकार जगदीश कौशल के दीर्घायु कामना महोत्सव के अवसर पर उन्हें आशीर्वाद देते हुए 95 वर्षीय बड़ी बहन राजकुमारी. यह कार्यक्रम नगर की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में शुक्रवार को आयोजित किया गया था.

## जीतो ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

**भोपाल.** जीतो अपैक्स के वृक्षारोपण अभियान के तहत जीतो भोपाल चैप्टर, मप्र–छग ज़ोन ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम के तहत सेज विश्वविद्यालय, एसआईआरटी कॉलेज और एसआईएस स्कूल भोपाल में शनिवार सुबह 11:45 बजे प्रत्येक स्थान पर 75 पौधे रोपे गए. इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुत्र वधु अमानत बंसल चौहान, सीए रचना पारेख फाउंडर एपीटी, डॉ. आशीष दत्ता डीजी सेज ग्रुप, डॉ. नीरज उपमन्यु कुलगुरु सेज विश्वविद्यालय, डॉ. सर्वेश शुक्ला डीजी सेज, जीतो चैप्टर चेयरमैन प्रशांत जैन, सेक्रेटरी सीए वैभव जैन, लेडीज विंग सेक्रेटरी पूजा जैन और अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे.

# जो गलत करेगा, उस पर होगी सख्त कार्रवाई : सांसद शर्मा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 20 सितबंर.** सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल में 30 शस्त्र लाइसेंसों को निरस्त किए जाने पर प्रशासन ने की सराहना की है. सांसद ने कहा कि जो गलत काम करेगा जिला प्रशासन अपना काम करेगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश में डॉ मोहन यादव की सरकार है , कोई लाइसेंस का दुरुपयोग करता है तो जिला प्रशासन उसकी जांच करता है.,जांच में पाया जाता है गलत दुरुपयोग किया है तो प्रशासन ने ऐसे लाइसेंसों को निरस्त किया है और करना भी चाहिए. इसके साथ ही हथाईखेड़ा में फर्जी मछली पालन समिति को लेकर आलोक शर्मा ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार के ऊपर अपना भरोसा लोग रखे. किसी को नहीं छोड़ा जाएगा सभी दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी. सांसद शर्मा ने नवरात्रि पर्व के दौरान नॉनवेज की दुकान बंद किए जाने को लेकर कहा कि उमरिया में नवरात्रि में मांस और चिकन की दुकान नहीं खुलेगी.


NATION TAX MARKET | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालय संभागीय उपायुक्त वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग–1**
**वाणिज्यिक कर भवन प्लाट नं. 19, अरेरा हिल्स भोपाल**
**दूरभाष :- 0755-2421901**
**ई-मेल- dc.bpl1@mptax.mp.gov.in**

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

कार्यालय संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर, भोपाल संभाग–1 में उपयोग के लिए कम्प्यूटर सामग्री एवं प्रिंटर रिफिलिंग/ सामग्री क्रय करने हेतु निविदा स्वीकृति आदेश से 02 वर्ष की अवधि के लिए 02 बिड सिस्टम (वित्तीय एवं तकनीकी) के आधार पर mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से अधिकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति प्रकाशन का दिनांक :- | 22.9.2025 |
| 2. | निविदा जारी करने की दिनांक :- | 22.9.2025 शाम 5.30 बजे |
| 3. | निविदा शुल्क :- | रु. 1000 एवं प्रोसेसिंग फीस (नॉन रिफंडेबल) |
| 4. | निविदा अर्नेस्टमनी :- | रु. 50000/- (अक्षरी राशि रुपए पचास हजार मात्र) |
| 5. | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :- | 28.10.2025 दोपहर 12.00 बजे |
| 6. | निविदा की तकनीकी जांच :- | 29.10.2025 |
| 7. | वित्तीय बिड :- | 30.10.2025 |

निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग–1 का होगा. निविदा शर्तें वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं. योग्य फर्म अपने समस्त दस्तावेज के साथ ऑनलाइन ई–निविदा MP TENDERS Portal पर लॉगइन करें.

G18933/25 — **संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग–1**


## नृत्य नाटिका से बताई भगवान कृष्ण की लीला

**भोपाल.** सहर्ष कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी की द्वारा श्री कृष्ण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति सहर्ष स्टूडियो में की गई, जिसका निर्देशन हरीश शर्मा द्वारा किया गया. श्री कृष्ण नाटिका केवल कृष्ण के जीवन पर आधारित नहीं अपितु यमुना की स्मृति है जिसमें कृष्ण आज भी भू लोक में है मूलत: यह नाटिका यमुना की स्मृतियों के आधार पर है जो कृष्ण को बालक सखा और प्रेमी के रूप में देखती है. यमुना मां की तरह कृष्ण को वात्सल्य करती है जैसे वो खुद ही यशोदा हो वो बताती है कैसे कलिया नाग के मर्दन के बाद श्री कृष्ण ने नृत्य किया और नटवर कहलाए व गोकुल की गलियों को नृत्यमय कर दिया, यमुना इस नाटिका की सूत्रधार है जो कृष्ण की लीला का वर्णन करती है.

# ब्यूटी कोर्स की छात्राओं ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, 20 सितम्बर. शहर के एडन्स रिज़ॉर्ट में सोनम सहानी मेकओवर स्टूडियो का भव्य ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर ब्यूटी एवं मेकअप कोर्स पूरा करने वाली छात्राओं ने मंच पर अपने हुनर और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया.**

निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों का मूल्यांकन 50 अंकों के आधार पर किया, जिसमें मेकअप क्वालिटी, टाइम मैनेजमेंट, मॉडल हैंडलिंग, तकनीकी ज्ञान और प्रस्तुति को शामिल किया गया. सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सभी छात्राओं को




प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. स्टूडियो की डायरेक्टर सोनम सहानी ने कहा कि, हमारा उद्देश्य है कि भोपाल की बेटियाँ और महिलाएँ मेकअप की दुनिया में नई ऊँचाइयाँ हासिल करें. यह दिन उनकी मेहनत और लगन का प्रतीक है. कार्यक्रम में विशेष अतिथि

गायिका दीपाली दुबे, श्री कृष्णा ग्रुप की सदस्य संगीता वर्मा, भोपाल की मशहूर हेयरस्टाइलिस्ट रागिनी थीं.


**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग**
**के अंतर्गत इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों/ व्याख्याताओं (तकनीकी संकाय) के रिक्त पदों की पूर्ति GATE-2026**

**(GRADUATE APTITUDE TEST IN ENGINEERING (GATE) 2026) के माध्यम से करने हेतु सूचना**

**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग** के अंतर्गत प्रदेश में 05 स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय/67 स्वशासी/शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदण्डों का पालन करते हुये तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों/व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति की जानी है, जिससे इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को उच्च गुणवत्तायुक्त तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा सके। तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों (तकनीकी संकाय) में सहायक प्राध्यापकों/व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति GATE- 2026 के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

**2. रिक्त पदों पर चयन हेतु आवेदकों के लिये सामान्य अर्हताएं निम्नानुसार हैं-**

**आयु सीमा-** अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आयु एवं उसमें छूट मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

**शैक्षणिक योग्यता -** अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यताएं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुसार होगी।

**वेतनमान -** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित वेतनमान।

**आरक्षण -** मध्यप्रदेश के मूलनिवासियों को रिक्त पदों पर आरक्षण का लाभ मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार देय होगा।

**चयन प्रक्रिया -** रिक्त पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन GATE-2026 के माध्यम से किया जावेगा।

3. **महत्वपूर्ण तिथियां -** GATE-2026 हेतु आवेदन करने की **अंतिम तिथि 28 सितम्बर, 2025** है।

4. **आवेदन करने की प्रक्रिया -** अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम GATE-2026 में भाग लेने हेतु आवेदन करना होगा। GATE-2026 में आवेदन उपरांत अभ्यर्थियों को एक रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त होगा, जिसका उपयोग तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भविष्य में जारी किये जाने वाले विज्ञापन में करते हुये आवेदन करते समय करना होगा। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पृथक से आवेदन-पत्र प्राप्त करने हेतु यथासमय विभाग द्वारा विज्ञप्ति जारी की जावेगी।

**अत: इच्छुक अभ्यर्थियों को परामर्श है कि विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर भविष्य में जारी किये जाने वाले विज्ञापन के लिये आवेदन करने हेतु GATE-2026 परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंवे।**

**टीप- GATE-2026 के बारे में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन करने हेतु कृपया वेबसाइट https://gate2026.iitg.ac.in पर विजिट करें।**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र.**

म.प्र. माध्यम/122187/20205


### मंचन — रवींद्र भवन में हमारे राम नाटक का मंचन

# मर्यादा में पुरुष रहेगा तो स्त्री भी धर्म निभाएगी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 सितंबर. नियति का लेखा है तो क्या करेगा राम, यह पंक्तियां शनिवार को रवींद्र भवन के हंसध्वनी सभागार की हैं, जब शाम 7 बजे के कार्यक्रम में हमारे राम नाटक का मंजन किया जा रहा था.**

रामायण के अनोखे दृश्यों को पिरोता हुआ नाटक और कलाकारों की मनोभावक, गर्जनापूर्ण प्रस्तुतियां भवन में बैठे सभी दर्शकों को छू गई. नाटक में सीता का धरती में समाना, शिव द्वारा रावण को दस सीटों का वरदान देना, लवकुश द्वारा पिता



राम से सारे जग के सम्मुख अपने प्रश्नों का उत्तर मांगना और रावण की सभा में शूर्पणखा द्वारा विधुर की निर्मम हत्या का बदला लेने का स्वांग करने का अतिभावपूर्ण, रचनात्मक संवाद ने दर्शकों को नाटक के अंत तक बांधे रखा. संपूर्ण रामायण के अति महत्वपूर्ण दृश्यों को छोटे छोटे संवादों में तोड़कर प्रस्तुत किया गया यह नाटक भवन में बैठे सभी दर्शकों के नयन में छा सा गया. नाटक शुरू होने पहले ही भवन की कुर्सियां खचाखच भर चुकी थीं. वहीं नाटक के भावपूर्ण दृश्यों ने जमकर तालियां बटोरी.

> मुख्य भूमिका में रावण के किरदार में अशोक राणा की जोरदार आवाज ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा, तो मंच छोड़कर दर्शकों के बीच आकर राणा द्वारा अपनी पंक्तियों को बोलना लोगों को अत्यधिक भा सा गया. मानों जैसे पूरा सभागार ही मंच बन गया हो. स्त्री सम्मान, राज अधिकग्रहण, लोक लालसा, ममता, क्रूरता, मोह, शिव महिमा और वचनों के साथ एकनिष्ठता को प्रोत हुआ हमारे राम ने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. रावण द्वारा अपनी ही बहन शूर्पणखा के पति विधुर की निर्मम हत्या किए जाने के बाद बहन द्वारा रचे स्वांग में फंसकर रावण ने खुद को मृत्यु के हवाले सौंप दिया.